# प्रेम के धागे टूटे ना | By Amit Nama

प्रेम के जो धागे हैं, देखना वह टूटे ना
सांवरे सलोने का साथ कभी छूटे ना....2

किस्मत से धागे बंधे, सांवरे को भाए हो तुम
बाबा ने डोरी खींची , चौखट पर आए हो तुम
भक्ति के प्रेम रस की गागरिया फूटे ना
सांवरे सलोने का साथ कभी छूटे ना.....
प्रेम के जो धागे हैं.........

सच्ची हो तेरी लगन बाबा की प्रीत मिलेगी
हारेगा ना तू कभी पग पग पर जीत मिलेगी
प्रेमियों से जन्मो जन्म श्याम कभी रूठे ना
सांवरे सलोने का साथ कभी छूटे ना.....
प्रेम के जो धागे हैं.........

बाबा की ऐसी दया भक्तों को आनंद है
चोखानी मस्त वही जो सेवा का पाबंद है
खाटू की मस्तियों को कौन है जो लुटे ना
सांवरे सलोने का साथ कभी छूटे ना.....
प्रेम के जो धागे हैं.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%9f%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-amit-nama/